दैनिक भास्कर


# किसानधन प्रदेश में एफपीओ कारोबार बढ़ाएगी

**जयपुर** | एसएलसीएम समूह की सहायक कंपनी किसानधन का राजस्थान में फार्मर्स प्रोडयूसर ऑर्गेनाइजेशंस (एफपीओ) व्यवसाय को 25 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य है। कंपनी ने हाल ही प्रदेश में 6 एफपीओ से समझौता किया और उन्हें एक करोड़ रुपए का लोन दिया है। केंद्र सरकार एफपीओ को बढ़ावा दे रही है। पिछले साल, सरकार ने 6865 करोड़ रुपए के कुल बजट ले-आउट के साथ 2027-28 तक 10,000 नए एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा है। इसका उद्देश्य किसानों की आमदनी को दोगुना करना है। कंपनी के देश में 36 से अधिक एफपीओ है। मौजूदा वित्त वर्ष में कंपनी 100 एफपीओ से साझेदारी करेगी। इनमें से 25 राजस्थान के होंगे। इनके माध्यम से बीज, खाद, कीटनाशक दवाइयां और लोन उपलब्ध कराए जाते हैं।

दैनिक नवज्योति

# किसानधन ने कारोबार बढ़ाने का लक्ष्य रखा

**ब्यूरो,नवज्योति/जयपुर।** मल्टी.एसेट एग्री फाइनेंस कंपनी और एसएलसीएम समूह की सहायक कंपनी किसानधन ने राजस्थान में 25 प्रतिशत एफपीओ व्यवसाय को बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी की रणनीति के अनुसार कंपनी ने हाल ही में राजस्थान में 6 एफपीओ के साथ समझौता किया है और उन्हें 1 करोड़ का लोन दिया है। कंपनी के वीपी और बिजनेस हैड



पंकज कुमार अजमानी ने बताया कि केंद्र सरकार जहां फार्मर्स प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन्स (एफपीओ) को बढ़ावा दे रही है वहीं एफपीओ की संख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। पिछले सालए सरकार ने 6865 करोड़ के कुल बजट लेआउट के साथ 2027-28 तक 10,000 नए एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा है। इसका प्रमुख उद्देश्य देश भर में किसानों की आमदनी को दोगुना करना है।

पंजाब केसरी

# किसानधन ने राजस्थान में 25 प्रतिशत एफपीओ कारोबार बढ़ाने का रखा लक्ष्य

जयपुर, 26 अगस्त (ब्यूरो): भारत की मुख्य मल्टी एसेट एग्री फाइनेंस कंपनी और एसएलसीएम समूह.की सहायक कंपनी किसानधन ने राजस्थान में 25 प्रतिशत एफपीओ व्यवसाय को बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी की रणनीति के अनुसार कंपनी ने हाल ही में राजस्थान में 6 एफपीओ के साथ समझौता किया है और उन्हें 1 करोड़ रुपए का लोन दिया है। कम्पनी के वाइस प्रेसिडेंट पंकज कुमार अजमानी ने बताया कि केंद्र सरकार जहां फार्मर्स प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन्स (एफपीओ) को बढ़ावा दे रही है, वहीं एफपीओ की संख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य किसानों को आड़तियों से छुटकारा दिलाने और किसानों की आय को दुगुना करने के लिए कार्य कर रही है। पंकज कुमार ने बताया कि कंपनी को उम्मीद है कि 100 में से 25 एफपीओ राजस्थान से होंगे। किसानधन ने साल 2022-23 के लिए राजस्थान के 25 हजार किसानों को एफपीओ के माध्यम से बीज, खाद, कीटनाशक दवाइयों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। साथ ही फसल के सीजन में लोन उपलब्ध कराने का भी कंपनी का लक्ष्य है।



कंपनी ने पहले चरण में कोटा, झालावाड़, बूंदी, नागौर, अजमेर जिलों में एफपीओ बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जबकि दूसरे चरण में जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ आदि जिलों में एफपीओ बनाने का लक्ष्य तैयार किया है। कंपनी ने 31 जुलाई, 22 तक 2500 करोड़ रुपए से अधिक का वितरण किया है।

# राजस्थान पत्रिका

## किसानधन एफपीओ कारोबार बढ़ाएगी

**जयपुर**. किसानधन ने 25 प्रतिशत एफपीओ व्यवसाय को बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने हाल ही में राजस्थान में 6 एफपीओ के साथ समझौता किया है और उन्हें 1 करोड़ रुपए का लोन दिया है। कंपनी को उम्मीद है कि 100 में से 25 एफपीओ राजस्थान से होंगे। किसानधन ने साल 2022-23 के लिए राजस्थान के 25 हजार किसानों को एफपीओ के माध्यम से बीज, खाद, कीटनाशक दवाइयों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। साथ ही फसल के सीजन में लोन उपलब्ध कराने का भी कंपनी का लक्ष्य है।

जयपुर
# महानगर टाइम्स
लोकतंत्र को समर्पित समाचार पत्र

किसानधन का राज्य में 25 फीसदी एफपीओ कारोबार बढ़ाने का लक्ष्य

## किसानों की आमदनी होगी दोगुना तक

**जयपुर (म.सं.)।** मल्टी एसेट एग्री फाइनेंस कंपनी और एसएलसीएम समूह की सहायक कंपनी किसानधन ने राज्य में 25 फीसदी एफपीओ व्यवसाय को बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इससे किसानों को लाभ मिलेगा, वहीं समय पर उन्हें लॉन जैसी सुविधाएं आसान होंगी। इसके लिए कंपनी ने हाल ही में राजस्थान में 6 एफपीओ के साथ समझौता कर एक करोड़ रुपए का लॉन दिया है। यह कहना है किसानधन के वाइस प्रसीडेंट तथा बिजनेस हैड पंकज कुमार अजमानी का।



अजमानी ने बताया कि एफपीओ की संख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। पिछले साल सरकार ने 6,865 करोड़ रुपए के कुल बजट ले-आउट के साथ 2027-28 तक 10,000 नए एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा है। इससे देशभर में किसानों की आमदनी दोगुनी तक होगी। किसानधन ने जून 2021 में एफपीओ व्यवसाय शुरू किया। फिलहाल, देशभर में कंपनी के 36 से अधिक एफपीओ हैं। इसके माध्यम से यह 37 हजार छोटे किसानों की आजीविका को प्रभावित करने में सक्षम है। कंपनी का लक्ष्य है कि किसानधन ने मार्च 2023 तक राजस्थान के 25 हजार किसानों को एफपीओ के माध्यम से बीज, खाद, कीटनाशक दवाइयों को उपलब्ध कराए। इस पहल के तहत कंपनी ने पहले चरण में कोटा, झालावाड़, बूंदी, नागौर, अजमेर जिलों में एफपीओ बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जबकि दूसरे चरण में जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ जिलों में एफपीओ बनाने का लक्ष्य है।

विश्वास आपका, साथ हमारा...
समाचार जगत

# किसानधन ने राजस्थान में 25 प्रतिशत एफपीओ कारोबार बढ़ाने का लक्ष्य रखा

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज।** भारत की मुख्य मल्टी-एसेट एग्री फाइनेंस कंपनी और एसएलसीएम समूह की सहायक कंपनी किसानधन ने राजस्थान में 25 प्रतिशत एफपीओ व्यवसाय को बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी की रणनीति के अनुसार कंपनी ने हाल ही में राजस्थान में 6 एफपीओ के साथ समझौता किया है और उन्हें 1 करोड़ रुपए का लोन दिया है।

केंद्र सरकार जहां फार्मर्स प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन्स (एफपीओ) को बढ़ावा दे रही है वहीं एफपीओ की संख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। पिछले साल, सरकार ने 6865 करोड़ रुपए के कुल बजट लेआउट के साथ 2027-28 तक 10,000 नए एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा है। इसका प्रमुख उद्देश्य देश भर में किसानों की आमदनी को दोगुना करना है। कंपनी को उम्मीद है कि 100 में से 25 एफपीओ राजस्थान से होंगे।



किसानधन ने साल 2022-23 के लिए राजस्थान के 25 हजार किसानों को एफपीओ के माध्यम से बीज, खाद, कीटनाशक दवाइयों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। साथ ही फसल के सीजन में लोन उपलब्ध कराने का भी कंपनी का लक्ष्य है।

कंपनी ने पहले चरण में कोटा, झालावाड़, बूंदी, नागौर, अजमेर जिलों में एफपीओ बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जबकि दूसरे चरण में जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ आदि जिलों में एफपीओ बनाने का लक्ष्य तैयार किया है। राज्य में एफपीओके विस्तार के लिए पूरे प्रदेश में अपनी बिजनेस टीम को भी मजबूत कर रही है।